प्रभात खबर
www.prabhatkhabar.com
रांची, सोमवार, 28 नवंबर, 2011

सोसाइटी ऑफ जियोसाइंटिस्ट की आम सभा

रांची : सोसाइटी ऑफ जियोसाइंटिस्ट की आम सभा इस्पात क्लब सभागार में हुई. भू-विज्ञान व भू-भौतिकी से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया. सोसाइटी के महासचिव डॉ अनल सिन्हा ने गत वर्षों के क्रिया-कलापों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया. उन्होंने कहा: संस्था ने उपमुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मुख्य संरक्षक, टी सुरेश कुमार व नंदलाल रुंगटा को संरक्षक बनाया है. कोषाध्यक्ष डॉ एस भट्ट ने वार्षिक लेन-देन का ब्योरा पेश किया व सोसाइटी के आजीवन सदस्यता की शुरुआत की. सीएमपीडीआइ, सीसीएल, मेकन, जीएसआइ, सीजीडब्लूबी, टाटा स्टील, अभिजीत ग्रुप, आर्सेलर मित्तल, राज्य सरकार, सीम्फर, बी आइटी मेसरा, रांची विवि सहित अन्य जगहों के भू-वैज्ञानिकों ने भाग लिया. धन्यवाद ज्ञापन प्रवीण कांत शरण ने किया. उन्होंने कहा कि संस्था की ओर से अगले माह में वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा.

आभ सभा में शामिल भू-वैज्ञानिक. फोटो । प्रभात खबर

रांची, 28 नवंबर 2011 दैनिक जागरण

भूवैज्ञानिकों की आमसभा

रांची: सोसाइटी ऑफ जियोसाइंटीस्ट झारखंड के तत्वावधान में रविवार को आमसभा आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में राज्य भर के भूवैज्ञानिकों ने हिस्सा लिया। आमसभा में भूविज्ञान व भू-भौतिकी से संबधित मुद्दों पर चर्चा की गई। सोसाइटी के महासचिव डा. अनल सिन्हा ने गत वर्षों में किये गए कार्यकलापों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। जानकारी देते हुए कहा कि उपमुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मुख्य संरक्षक जबकि टी सुरेश व नंदलाल रुंगटा को संरक्षक प्रस्तावित किया गया है। कोषाध्यक्ष डा. एस भट्ट ने वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया। आमसभा में सीएमपीडीआई, सीसीएल, मेकॉन, जीएसआई, सीजीडब्ल्यूबी, टाटा स्टील, आर्सेलर मित्तल, अभिजीत ग्रुप समेत कई संस्थानों के भूवैज्ञानिक थे।

दैनिक भास्कर
रांची, सोमवार, 28 नवंबर, 2011

हेमंत बने जियो साइंटिस्ट्स के मुख्य संरक्षक

इस्पात क्लब में आमसभा

सेमिनार में बोलते वक्ता गण।

रांची | उपमुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सोसाइटी ऑफ जिओ साइंटिस्ट्स का मुख्य संरक्षक बनाया गया है। टाटा स्टील के टी सुरेश कुमार व रूंगटा समूह के नंदलाल रूंगटा संरक्षक होंगे। यह घोषणा महासचिव डॉ. अनल सिन्हा ने रविवार को सोसाइटी की वार्षिक आमसभा में की।

श्यामली कॉलोनी स्थित इस्पात क्लब में आयोजित सोसाइटी ऑफ जियो साइंटिस्ट की इस आमसभा में सीसीएल, सीएमपीडीआई, मेकॉन, टाटा स्टील, जीएसआई, सीजीडब्ल्यूबी, अभिजीत ग्रुप व आर्सेलर मित्तल सहित विभिन्न संस्थानों में कार्यरत भू-वैज्ञानिक उपस्थित थे। इसमें भू-विज्ञान व भू-भौतिकी से संबंधित मुद्दों व समस्याओं पर गहन मंत्रणा की गई। महासचिव डॉ. अनल सिन्हा ने पिछले वर्ष के क्रियाकलापों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। धन्यवाद ज्ञापन उपमहासचिव प्रवीण कांत शरण ने किया।